an>

Title: Need to resolve the issues of land oustees of South Eastern Coal Fields Limited in Chhattisgarh.

डॉ. बंशीलाल महतो (कोरबा) ः मैं अत्यंत ही महत्वपूर्ण विषय की तरफ केंद्र सरकार का ध्यान आकर्षित करना चाहता हूँ। साऊथ इस्टर्न कोल्फील्ड लिमिटेड में भू-विस्थापितों के अनेक मामले लंबित हैं, इससे मेरे संसदीय क्षेत्र के 41 गाँवों के लोग प्रभावित हुए हैं। इन लोगों द्वारा आये दिन धरना, प्रदर्शन एवं आंदोलन किया जा रहा है। मैं समझता हूँ कि इन मामलों में अधिकांश मामले उचित एवं जायज हैं, जिनका शीघ्र निराकरण होना आवश्यक है। इसके साथ ही, साऊथ इस्टर्न कोल्फील्ड लिमिटेड (एस.ई.सी.एल.) में नौकरी कर रहे लोगों की वंशावली भी सार्वजनिक किया जाना चाहिए। पटवारी, राजस्व निरीक्षकों से मिलीभगत करके अनेक अपात्र लोग नौकरी का लाभ रहे हैं, इसकी जाँच होनी चाहिए तथा पात्र एवं योग्य लोगों को नौकरी दी जानी चाहिए। अतः मैं सरकार से उक्त प्रकरण का त्वरित निराकरण करने का अनुरोध करना चाहता हूँ।